## एक नजर में

### बुरहानपुर पुलिस द्वारा जिले में चलाया जा रहा है विशेष यातायात अभियान



**बुरहानपुर।** अभियान के अंतर्गत बुरहानपुर पुलिस द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर छात्र.छात्राओं एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। माननीय उच्चतम न्यायालय की सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशों के पालन में,जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल एवं एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में तथा थाना यातायात प्रभारद्ध राजेश बारवाल के नेतृत्व में बुरहानपुर जिले में विशेष यातायात अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें हो रही मृत्यु दर को नियंत्रित करना तथा आमजन में यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूकता फैलाना है।

**अभियान की कार्रवाई :**–अभियान के दौरान जिले भर में थानों व यातायात पुलिस द्वारा सघन चेकिंग कर निम्न प्रमुख बिंदुओं पर कार्रवाई की जाएगी। तेज गति से वाहन चलाना। बिना हेलमेटध्सीट बेल्ट के वाहन चलाना। नाबालिग द्वारा वाहन चलाना। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग। शराब पीकर वाहन चलाना। गलत दिशा से वाहन चलाना। ओवरलो**डिंग वाहन चलाना। बिना रजिस्ट्रेशनए फिटनेस व परमिट के वाहन चलाना।**

**जागरूकता और जनसंपर्क:**–इस अभियान के अंतर्गत पुलिस बल द्वारा विद्यालयोंए महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर छात्र.छात्राओं एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

**शासन की सड़क सुरक्षा संबंधी योजनाएं:**–जैसे राहगीर योजना, हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना,कैशलैश योजना आदि का व्यापक प्रचार.प्रसार किया जाएगा। प्रतिदिन की कार्यवाहियों एवं अभियान की प्रगति का प्रचार.प्रसार प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग यातायात नियमों के महत्व को समझें और उनका पालन करें।

**बुरहानपुर पुलिस की आमजन से अपील:**–जिला पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवस्था में सहयोग दें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता हैए बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और जन.सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### उमंग और मनकक्ष का आह्वान : किशोर का स्वास्थ्य देश की पहचान




**बुरहानपुर।** आज 12 सितम्बर उमंग दिवस पर जिला चिकित्सालय मनकक्ष विभाग बुरहानपुर एवं उमंग टीम बुरहानपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्व.अमृतलाल तारवाला शासकीय हाई स्कूल, प्रतापपुर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं को शिक्षा,पोषण, स्वच्छता, माहवारी स्वच्छता और प्रबंधन तथा मानसिक स्वास्थ्य जैसे तनाव,अवसाद,नशा, यौन शोषण और आत्महत्या रोकथाम पर मार्गदर्शन दिया गया।

छात्राओं को पंपलेट, बैनर, मनहित ऐप, टेली.मानस नंबर 14416 और शॉर्ट फिल्म के माध्यम से जागरूक किया गया। शाला प्राचार्य को काउंसलिंग सेल की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में जानकारी देते हुए, आत्महत्या रोकथाम हेतु गेटकीपर के रूप में मित्रम की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई ! कार्यक्रम में प्राचार्य राकेश दलाल,सहयोगी शिक्षकगण, मनकक्ष टीम प्रभारी डॉ. नबी अहमद,उमंग टीम काउंसलर रूपेश महाजन, हेल्थ एंड वैलनेस ,आरोग्य दूत मीना पाटीदार की उपस्थिति रही। इसका उद्देश्य किशोर / किशोरियों को शारीरिक और मानसिक रूप से परिपक्व बनाकर उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी भ्रांतियों और अंधविश्वासों को दूर करना रहा।

### महापौर माधुरी अतुल पटेल ने आशीर्वाद लेकर पुष्प वर्षा कर उनकी यात्रा की मंगलकामना की



**बुरहानपुर।** श्री गोकुलचंद्रमाजी की कृपा एवं पूण् श्री 108 श्री मिलन बाबाश्री के आशीर्वाद से श्सनातन संस्कृति समिति बुरहानपुर श् द्वारा भागवत भूषण श्री हरिकृष्ण मुखियाजी एवं हेमेंद्र गोविंदजीवाला के सानिध्य में 200 से अधिक वैष्णजन दिनांक 13/09/25 शनिवार को साकेत एक्सप्रेस से दोपहर 2.00 बजे 5 दिवसीय रामकथा के आयोजन में अयोध्या के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पूर्व महापौर अतुल पटेल द्वारा भागवत भूषण श्री हरिकृष्ण मुखियाजी एवं हेमेंद्र गोविंदजीवाला और सभी श्रद्धालुओं के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने सभी श्रद्धालुओं के ऊपर पुष्प वर्षा कर पंडित हरिकृष्ण मुखिया जी का आशीर्वाद लेकर उनकी यात्रा के लिए मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौर श्री अतुल पटेल योजना प्रभारी संजय शाह जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे समाज के नागरिक श्रद्धालु मौजूद थे।

### सहकारी संस्था के निर्वाचन हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**बुरहानपुर।** मण्प्रण् राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम के प्रावधानों के अंतर्गत अजय पावरलूप बुनकर सहकारी संस्था मर्यादित बुरहानपुर के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिये सहकारी निरीक्षक श्रीमति पुष्पांजलि पाण्डेय तथा नयन पावरलूम बुनकर सहकारी संस्था मर्यादित बुरहानपुर के लिये वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक श्री पीण्एमण् सोनवणे को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### कलेक्टर ने 3 प्रकरणों में की सहायता राशि स्वीकृत

**बुरहानपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हर्ष सिंह ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से उपचार हेतु राशि स्वीकृत की है। उन्होंने 3 प्रकरणों में 1,20,000 रूपय एक लाख बीस हजार रूपयेद्ध की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

# 6 खंडपीठों में 2108 प्रकरण निराकृत एवं 9 करोड़ से अधिक का अवार्ड पारित



## राष्ट्रीय लोक अदालत

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर म0प्र0 के निर्देशानुसार दिनांक 13.09.2025 को जिला न्यायालय बुरहानपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती आशिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर जिला न्यायाधीश /सचिव श्री प्रेमदीप सांकला के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती आशिता श्रीवास्तव के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त अवसर पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव के द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्ताओं साथ ही न्यायिक कर्मचारियों से नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

शुभारंभ कार्यक्रम में श्री इन्दु कान्त तिवारी, प्रथम जिला न्यायाधीश, श्री निलेश कुमार जिरेती, द्वितीय जिला न्यायाधीश, श्रीमती सरिता जतारिया, मुख्य न्यायिक मजि0 एवं अन्य समस्त न्यायाधीश गण, सुश्री अनुपमा मुजाल्दे, जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री युनुस पटेल, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ उपस्थित रहे।

लोक अदालत हेतु कुल 06 खंडपीठ गठित की गई। लोक अदालत के माध्यम से कुल 2108 प्रकरण निराकृत किये गये, जिनमें न्यायालय में लंबित समझौता योग्य 382 प्रकरण एवं प्रिलीटिगेशन से संबंधित बैंकों के प्रकरण, नगर पालिका के सम्पत्ति कर, जलकर तथा विद्युत विभाग, बीएसएनएल के प्रिलिटिगेशन के कुल 1726 मामलों का निराकरण हुआ है। उक्त निराकृत मामलों में 9, 01, 34,450/– रूपये आवार्ड पारित किया गया एवं 2609 व्यक्ति लाभान्वित हुये। लोक अदालत में पैरालीगल वॉलेन्टियर्स नंदकिशोर जांगड़े,अताउल्ला खान,राजू भंवरे द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

## नगर निगम द्वारा नेशनल लोक अदालत में राजस्व संपत्ति कर से वसूले 29 .22 लाख



**बुरहानपुर।** नगर निगम बुरहानपुर द्वारा सेवा सदन विधि लॉ कॉलेज में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें सरकार द्वारा समय.समय पर लोक अदालत लगाकर छोटे प्रकरणों को निपटाने की कोशिश करती है। इसमें बकायादारों को लोक अदालत के द्वारा अधिभार 100 फीसदी तक की छूट दी जाती है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोग टैक्स जमा कर देते हैं। नगर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल निगम, आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने एम आई सी सदस्य भारत इंगले द्वारा आज नेशनल लोक अदालत में जाकर निरीक्षण किया,सभी को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक कर जमा करवाए, संपतिकर में 20 प्रतिशत तथा जलकर में 25 प्रतिशत छूट का लाभ उठाकर कई करदाताओं द्वारा उपभोक्ता प्रभार की राशि का जमा कराई। संपत्ति कर, राजस्व कर वसूली के तहत विभिन्न श्रेणी के करदाताओं को अलग अलग तरह से छूट दी गई। जिससे एक ही दिन में।29 लाख रुपए की वसूली हो गई। शाम 06 बजे समाचार लिखे जाने तक यह राशि और बड़ सकती है। मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार निगम हर तीन माह में लोक अदालत लगाकर संपत्ति कर में छूट देता है। इसके तहत कर दाताओं को बकाया राशि पर सरचार्ज में छूट दी जाती है। नगर निगम ने तय नियम के अनुसार समस्त बकायादारों को संपत्ति कर के सरचार्ज में 25 प्रतिशत की छूट दी है। निगम के सभी 48 वार्डो के टैक्स आर आई के साथ निगम द्वारा कॉलेज में राजस्व संपत्ति कर वसूली के लिए एक दिवसीय लोक अदालत कैम्प लगा रखा। सुबह 10 बजे शुरू हुई लोक अदालत में निगम के खजाने में राजस्व विभाग में 12 प्रकरण सुलझाकर 02 लाख 12 हजार रु तथा संपत्तिकर में 996 प्रकरण सुलझाकर 27 लाख 10 हजार रु वसूल किए गए। शाम छह बजे तक टोटल निगम का कर 29 लाख 22 हजार रुपए की राशि निगम कोष में जमा की गई। निगम के आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक की संपत्तिकर राजस्व वसूली का है। इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव,अमर यादव एम आई सी सदस्य भारत इंगले,संपत्तिकर अधिकारी धीरेंद्र सिकरवार,राजस्व अधिकारी शशिकांत पवित्रे,पार्षद हाफिज खान, फहीम हाशमी, संदीप तिवारी,निगम सी ओ ओ श्याम श्रीवास्तव निगम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## भागवत भूषण श्री हरि कृष्णा भाई मुखिया की राम कथा में शामिल होने अयोध्या रवाना

### 204 वैष्णोजन ने साकेत एक्सप्रेस से अयोध्या के लिए प्रस्थान

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** श्री गोकुलचंद्र मां जी की कृपा से पूज्य श्री 108 श्री मिलन बाबा श्री के आशीर्वाद से आज दोपहर में मध्यान्ह समय भागवत भूषण श्री हरि कृष्णा भाई मुखिया जी एवं मंदिर अध्यक्ष हेमंत भाई गोविंद जी वाला के सानिध्य में 204 वैष्णो ने साकेत एक्सप्रेस से अयोध्या के लिए प्रस्थान किया। रेलवे स्टेशन पर आपका स्वागत के लिए बुरहानपुर विधायकअर्चना चिटनिस महापौर माधुरी बेन पटेल ,पूर्व महापौर अतुल भाई पटेल , कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू



टॉक, गजेंद्र भाई पाटिल ,पुर्व विघायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह ठाकुर ,चंद्र प्रकाश सिंह ठाकुर ,आदित्य सिंह ,मानव सेवा समिति के सदस्य ,वैष्णव समाज का बड़ा समूह ,संतोष भाई श्रॉफ , प्रफुल्ल भाई श्रॉफ , पुर्व जिलाध्यक्ष अजय भाई रघुवंशी,युवा नेता भरत रावल ,लगभग 400 लोगों का समूह भागवत भूषण श्री हरि कृष्ण वाली मुखिया जी पुष्पहार से स्वागत किया गया एवं अभिनंदन किया गया।

गजेन्द्र पाटील ने सांसद ज्ञानेश्वर भाई पाटिल से भी फोन से चर्चा करवा कर मुखिया जी सेआशीर्वाद दिलवाया। श्री सुखलाल भाई महाजन, दिलीप भाई श्रॉफ , रामधारी भाई मित्तल ,माधव बिहारी अग्रवाल सभी ने मुखिया जी का भाव बिना स्वागत किया। बी 2 में लगभग 40 वैष्णो का समूह , बी 1 में लगभग 45 वर्षों का समूह , बी 4 में लगभग 52 वैष्णो का समूह एवं एस 4,5 में 35–35 वैष्णो का समूह यात्रा कर रहा है। रेलवे प्रबंधक श्री मेहता का सभी ने साधुवाद किया। क्योंकि उन्होंने सहयोग के रूप में आधा घंटा पहले ही स्क्रीन पर बोगी नंबर का चार्ट प्रसारित कर दिया था । जिससे सभी वैष्णवन को अपने.अपने स्थान पर खड़े रहने के लिए एवं अपनी बोगी पर बैठने के लिए अति उत्तम सुविधा प्राप्त हुई लगभग गाड़ी 15 मिनट रेलवे स्टेशन पर सभी के लिए रुकी थी।

## जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में बिरोदा विद्यालय के विद्यार्थियों का चयन



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** पीएम श्री सावित्रीबाई फुले कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुरहानपुर में आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरोदा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आदिवासी नृत्य में दीपक एंड ग्रुप,कहानी लेखन में प्रियंका सोनवने तथा मूर्तिकला में दुर्गेश महाजन की प्रस्तुतियों का चयन संभाग स्तर के लिए हुआ है। संस्था के प्राचार्य दिलीप चौधरी सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती संगीता शर्मा,अक्षय सोनवन,दयाराम राठौर एवं समस्त शाला परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## केला किसानों का ऐलान : समर्थन मूल्य न मिला तो बुरहानपुर में उठेगा तूफान

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जिले के हजारों केला किसान अब खामोश नहीं रहेंगे। समर्थन मूल्य को लेकर किसानों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है। उचित दाम न मिलने से लाखों का नुकसान हो चुका है और पहले से ही वायरस की मार झेल रही फसलें बर्बाद हो रही हैं। ऐसे में किसानों ने अब संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है। नावरा के माता दी मंदिर पर सैकड़ों किसान एकत्र हुए और आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई। किसान नेता भास्कर महाजन ने साफ शब्दों में कहा कि यदि हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो हम उग्र आंदोलन करेंगे कर शासन प्रशासन



को मजबूर करेंगे। किसानों ने सवाल उठाया कि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में केले की फसल के उचित दाम मिल रहे हैं, तो हमारे साथ ऐसा भेदभाव क्यों ? किसान मोहन पाटिल ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने अभी भी ध्यान नहीं दिया तो यह आंदोलन पूरे जिले में फैल जाएगा। अब किसानों का धैर्य जवाब दे चुका है। यह स्पष्ट संदेश है कि अब समर्थन मूल्य के बिना किसानों की आवाज दबाई नहीं जाएगी। प्रशासन के लिए यह अंतिम चेतावनी है। आने वाले दिनों में बुरहानपुर से उठने वाला यह आंदोलन पूरे प्रदेश में किसानों की शक्ति का नया उदाहरण बनेगा।

## लायंस क्लब बुरहानपुर की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर एवं साधारण सभा का आयोजन

**बुरहानपुर।** लायंस क्लब बुरहानपुर की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर एवं साधारण सभा का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमे पासट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला डा मुंडा जी का स्वागत सम्मान कर जन्म दिन मनाया गया।

आयोजन अन्नापूर्णा पर 9/9/25 को रात 8.30 बजे से बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मिटिंग से शुरू हुई। जिसमे सेवा सप्ताह इस माह मे और आने वाले महीने में विभिन्न ग्राम में स्वस्थ शिविर आयोजित करना सुनिश्चित किया गया और अन्य सेवा गतिविधि का विस्तार से चर्चा हुई।

सभा समाप्ति की घोषणा के बाद लायंस क्लब एवं रेड क्रॉस के सर्वोतम भिष्म पितामह लॉयन डा आई एल मुंद्डा के जन्म दिवस के उपलक्ष मे स्वागत सर्व प्रथम एमजे एफ लॉयन्स ओम प्रकाश पारिक सहित सभी लायंस साथीयों ने स्वागत सत्कार किया ।

स्वागत करेन वालों में अध्यक्ष मुकेश देवडा ,सचिव एजाज़ गफ्फ़र खान ,कोषाध्यक्ष लायंस पुष्पा मुंद्डा ,पूर्व



विधायक लायंस हमीद काज़ी ,पूर्व विधायक लायंस ठाकुर सुरेंद्र सिंह , लायंस जयश्री ठाकुर, पीएमजेएफ सतीश अग्रवाल, एमजेएफला संतोष श्रॉफ, एमजेएफ लॉ डा हुमायूँ दाऊद , एमजेएफ ला डा एस एम तारिक़ , आज़म राही ,मनोहर वाघवानी , शुशील महेश्वरी , मनीष पटेल ,डा एस एम सादिक ,गुडू खंडेलवाल ,श्रीमती कविता श्रॉफ,श्रीमती मीना चौहान ,डा रोहिणी पाटीदार ,विलास बड़े , राम अग्रवाल, ऋषि बड़े आदि शामिल रहे ।

## पीएम आवास योजना ग्रामीण का किया अवलोकन

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना जिसका मुख्य उद्देश्य पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। योजनान्तर्गत शासन द्वारा हितग्राही को मकान बनाने के लिये सहायता राशि अंतरित की जाती है। जिले में आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा हैए प्रगति हेतु कार्यों की समीक्षा भी की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ वीरसिंह चौहान ने ग्राम बहादरपुर में पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत बन रहे मकानों के निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्य जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिये।



उन्होंने पंचायत में साफसफाई सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर ने बिरोदा स्थित तालाब का भी निरीक्षण किया।

## बच्चों को थानों पर पुलिस कार्य प्रणाली, जनसुरक्षा की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर आशुतोष बागरीएअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिला बुरहानपुर में चलाया जा रहा है बाल मित्र जन जागरूक अभियान के अंतर्गत स्कूल एवं कालेज के विद्यार्थियों को थानों में आमंत्रित कर उन्हें देश भक्ति जन सेवा, राष्ट्रीय एकता एवं सुरक्षा की भावना,साईबर अपराध से बचावए नशे के दुष्परिणाम, डायल.112, गुड चट एवं बेड चट,बाल विवाह



उन्मूलन, पोक्सो एक्ट, संविधान एवं कानून की मूल जानकारी दी जा रही है।थाना शाहपुर में ज्ञानदीप स्कूल के स्कूली बच्चों एवं टीचर स्टाफ द्वारा थानों का शैक्षणिक भ्रमण किया थाना प्रभारीयो एवं स्टाफद्वारा स्कूली बच्चों को महिला एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने छात्राओं को छेड़छाड, बाल विवाह, घरेलू हिंसा,पॉक्सो एक्ट एसाइबर अपराधों जैसे मामलों की जानकारी दी तथा ऐसे अपराधों की स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112ए महिला हेल्पलाइन 70491.36100 एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं एवं पुलिस कार्य प्रणाली,कानून व्यवस्था तथा जनसुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा साइबर एक्सपर्ट द्वारा बच्चों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया गया। ऑनलाइन गेम्स,सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी लिंक,ओटीपी शेयरिंग, साइबर बुलिंग आदि से बचाव के लिए सतर्क रहना आवश्यक है। उन्हें साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई।

**जागरूकता कार्यशाला** | संवाद : प्रकृति एवं मानव जीवन पर रासायनिक खेती के नुकसान एवं निदान विषय पर जागरूकता कार्यशाला

## रासायनिक उर्वरकों को कम कर, गोबर का खाद, कम्पोस्ट,जैव उर्वरकों का करें उपयोग : चिटनिस

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर में ईट राइट.सही तरीके से खाना या स्वस्थ और सुरक्षित भोजन करना, प्रकृति एवं मानव जीवन पर रासायनिक खेती के नुकसान एवं निदान, विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें तेलगांना के सेन्टर फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर सीएसए के कार्यकारी संचालक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.रामान्जनयेलू एवं विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने संबोधित कर अपने विचार रखे। इस दौरान किसानों ने संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। कार्यशाला का आयोजन कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम आत्मा बुरहानपुर, सेन्टर फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर ,सीएसए तेलंगाना एवं सतपुड़ा नेचर फ्रे श के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि सबसे ज्यादा पेस्टीसाईड एवं




रासायनिक उर्वरकों का उपयोग बुरहानपुर जिले में होता है। रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करके मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनायें रखने के लिए फसल अवशेषों, गोबर का खाद, कम्पोस्ट, जीवामृत, पंचगव्य,जैव उर्वरकों का उपयोग कर मिट्टी में जैविक पदार्थ , अर्गेनिक मेटर की मात्रा, जैविक कार्बन बढ़ाकर मिट्टी में उपस्थित सुक्ष्म जीवों की संख्या में वृद्धि करके फसल उत्पादन में वृद्धि कर सकते है,जिससे किसान भाई हमारे जीवन का आधार मिट्टी को संरक्षित कर सकते है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं इससे उत्पादित ,जहर मुक्त फसलों जैसे अनाज,सब्जी, फल आदि के लिए जिले में स्थान चिन्हाकिंत कर उसमें विक्रेता एवं क्रेता को बाजार उपलब्ध कराया जाए, जिससे किसानों को फसलों का उचित बाजार मूल्य प्राप्त हो सकें और उनकी आमदनी बढ़ाकर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सकें।

तेलगांना के सेन्टर फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर सीएसए के कार्यकारी संचालक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.रामान्जनयेलू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि तेलगांना राज्य पंजाब, हरियाणा के बाद रासायनिक एवं पेस्टीसाईड का उपयोग करने में पूरे भारत में तीसरे स्थान पर थ, जो आज 10 लाख हेक्टेयर में जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती करके पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है। मध्यप्रदेश में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में वृद्धि होने का मुख्य कारण फसल पद्धति में परिवर्तन नहीं करना, मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा का कम होना, आवश्यकता से अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग मुख्य कारण इनके द्वारा बताया गया। रासायनिक उर्वरकों के अधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति, जीवांश तथा जल धारण क्षमता में कमी होती है, जिससे मिट्टी कठोर एवं बंजर हो जाती है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि खेती का आधार मिट्टी है। दुनिया में सबसे कीमती मिट्टी ही है। यदि हम जहरीला खाना नहीं खाएंगे तो किसान भी उसे नहीं उगाएंगे। हमें बुरहानपुर में प्राकृति खेती को मिशन मोड में लेंगे। श्रीमती चिटनिस ने बताया कि हमनें बुरहानपुर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु पूर्व में भी तेलगांना के सेन्टर फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर सीएसए के कार्यकारी संचालक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.रामान्जनयेलू का बुरहानपुर के ग्राम धामनगांव में दो बार आगमन हो चुका है, जहां किसानों से लगातार संवाद किया जाता रहा है। कार्यशाला के अंत में आभार कृषि उप संचालक एम.एस. देवके ने माना।

कार्यशाला में नेपानगर विधायक सुश्री मंजू राजेन्द्र दादू, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, नगर निगमाध्यक्ष श्रीमती अनिता अमर यादव, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, पूर्व महापौर अतुल पटेल,वरिष्ठ कृषक किशोर शाह, गुलचंद्रसिंह बर्ने, अमित मिश्रा, किशोर पाटिल, देवानंद पाटिल, दरबार जीतू,समर्थ चिटनिस, चिंतामन महाजन, सुभानसिंह चौहान, सुनिल वाघे, चिंटू राठौर, दीवाकर सपकाले, देवीदास पाटिल,मनोज दांगुरे, वसंता चौहान, गंगाराम आखारे, अशोक पाटिल, रामदास पाटिल, आकाश राखुंडे एवं दीपक महाजन सहित जनप्रतिनिधि, चिकित्सक, प्रबुद्धजन, होटल संचालक व कृषकगण उपस्थित रहे।